वाराणसी में आयोजित 15वॉ प्रवासी भारती सम्मेलन में ब्रह्माकुमारीज़ की सहभागिता

- विशेष निमन्त्रण पर कुवैत से काशी पहुँची ब्र.कु. अरूणा बहन
- वाराणसी से वरिष्ठ राजयोगी ब्र.कु. दीपेन्द्र ने भी की शिरकत
- विदेशमंत्री सुषमा स्वराज एवं प्रदेश के अन्य मंत्रियों से मुलाकात कर भेंट किया इश्वरीय उपहार, क्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. सुरेन्द्र दीदी को ओर से दी शुभ–कामनायें

वाराणसी । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संसदीय क्षेत्र वाराणसी इस वर्ष 21 से 23 जनवरी के बीच बडा ही गुलज़ार रहा । अवसर था भारत सरकार की ओर से आयोजित त्रिदिवसीय ''प्रवासी भारतीय सम्मेलन'' का ।

आध्यात्म एवं संस्कृति की राजधानी काशी में प्रथम बार आयोजित 15 वॉ प्रवासी भारतीय सम्मेलन में दुनिया के अनेक देशों से आए प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। भारत की मिट्‌टी से जुड़ी हुई अपनी जड़ों को तलाशने एवं विश्व में अपनी अनोखी पहचान बनाने में सफल विश्व गुरू भारत की प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति से रूबरू होने की ललक लिए अपने पूर्वजों की जन्मभूमि पह्ंचे प्रवासी भारतीयों ने काशी के जन–मानस एवं भारत सरकार की मेहमाननवाजी का भी जमकर लुत्फ उठाया।

इसी कार्यक्रम में शिरकत करने भारत सरकार के निमन्त्रण पर काशी पहुँची कुवैत की ब्रह्माकुमारी अरूणा बहन ने संस्था के क्षेत्रीय कार्यालय सारनाथ से वरिष्ठ राजयोगी ब्र.कु. दीपेन्द्र, ब्र.कु. विपिन के साथ ब्र.कु. तापोशी बहन के साथ कार्यक्रम में पहुँचकर संस्था का प्रतिनिधित्व किया। उक्त अवसर पर ब्र.कु. राजू एवं ब्र.कु. गंगाधर भाई भी उपस्थित रहे।

उक्त अवसर पर ब्र.कु. अरूणा एवं ब्र.कु. विपिन भाई ने विदेश मंत्री सुषमा स्वराज से मिलकर उनके सु–स्वास्थ्य की कामना के साथ कार्यक्रम की सफलता के लिए बधाई दी। संस्था की क्षेत्रीय निदेशिका ब्र.कु. सुरेन्द्र दीदी जी की ओर से प्रदत्त ईश्वरीय सौगात स्वीकार करते हुए विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने कुवैत में ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा दी जा रही अनोखी सेवाओं के लिए ब्र.कु. अरूणा बहन का आभार जताया । उन्होंने कहा कि संस्था कुवैत में अपनी बेहतरीन सेवाएं प्रदान कर रही है।

सम्मेलन के अन्तिम दिन ब्र.कु. अरूणा बहन एवं ब्र.कु. विपिन भाई ने उ.प्र. के न्याय, विधि, युवा एवं खेल राज्यमंत्री डा. नीलकण्ठ तिवारी, सैनिक कल्याण, खाद्य प्रसंस्करण, होमगार्डस्, नागरिक सुरक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भ्राता अनिल राजभर, विधायक रोहिनयॉ अवधेश नारायण सिंह, भारत सरकार के लोकतंत्र, अभिशासन एवं प्रशासनिक उदारीकरण, सूचना संचार प्रौद्योगिकी और विकास, आपदा प्रबंधन, साइबर सुरक्षा एवं सांस्कृतिक धरोहर आदि क्षेत्रों में सलाहकार भ्राता रंजन द्विवेदी, पुलिस महानिदेशक, वाराणसी भ्राता विजय कुमार मीना आदि के साथ अनेक क्षेत्रों में कार्यरत विशिष्टजनों से मुलाकात कर उन्हें ईश्वरीय उपहार भेंट करने के साथ माउण्ट आबू पधारने का निमन्त्रण दिया।